
## Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तर्ज पर होगा नई कार्यकारिणी का गठन

**समाधान**

## अनुसूचित जाति जनजाति विभाग की पुरानी कार्यकारिणी भंग

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने अनुसूचित जाति जनजाति विभाग की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया है और उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तर्ज पर जल्द ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा जिसमें सभी वर्ग के लोगों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को शामिल किया जायेगा।

कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति विभाग का प्रदेश अध्यक्ष बनने के एक सप्ताह बाद प्रदेश में लॉकडाउन आरंभ हो गया था लेकिन इस बीच उन्होंने प्रदेश के कई जिलों व गांवों का भ्रमण कर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों से मिले और उनकी समस्याओं को सुनते हुए समाधान करने का आश्वासन



दिया गया। उन्होंने कहा कि नैनीताल, हल्द्वानी, रामनगर, उत्तरकाशी, चकराता, बडकोट, हरिद्वार, रूडकी सहित अन्य जिलों व शहरों का भ्रमण किया और कोरोना महामारी में अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को बेहतर कार्य किया। उन्होंने कहा कि इस समाज के लोगों ने चाहे सफाई कर्मचारी के रूप में काम किया है और इस दौरान उन्होंने इस महामारी से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज भी इस वर्ग के लोग कोरोना महामारी में व्यापक स्तर पर कार्य कर रहे है और लोगों की सेवा करते हुए आ रहे है। अनुसूचित जाति जनजाति विभाग को मजबूत करने का काम किया जायगा और आज जिस प्रकार से इस वर्ग के लोगों की केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा उपेक्षा की जा रही है और उनके हितों के लिए किसी भी प्रकार की कोई योजना नहीं बनाई जा रही है और कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जो योजनायें बनाई गई थी उन्हें बंद किया जा रहा है और इस वर्ग को रोजगार में आरक्षण नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ग के लोगों के साथ अत्याचार हो रहा है और मलिन बस्तियों व शहर में विकास कार्य कहीं भी नहीं हो पा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन किया जायेगा।

पुरानी कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है और नई कार्यकारिणी प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तर्ज पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जायेगा और शहर अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा। प्रमोशन में आरक्षण कोर्ट का निर्णय है लेकिन पूर्व की व्यवस्था को ही बरकरार रखे जाने की जरूरत है और सरकार को इस दिशा में सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं किया गया ओर इसी प्रकार से रोस्टर प्रणाली में सरकार छेड़छाड़ किया जा रहा है जिसे किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और इसका विरोध किया जायेगा।

## न्यूज डायरी

### प्रभारी मंत्री ने दिलाया भरोसा

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिला प्रभारी मंत्री अरविंद पांडे ने आपदा प्रभावित क्षेत्र टांगा गांव का दौरा किया। बीते गुरूवार को वे क्षेत्र के टांगा गांव में हुए भीषण नुकसान के चलते क्षेत्र में स्थानीय आपदा प्रभावितों की समस्याओं से भी रूबरू हुए। बता दें कि उन्होंने क्षेत्र के आपदा प्रभावितों को राज्य सरकार द्वारा हर संभव मदद दिलाये जाने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने पीड़ितो को जिला प्रशासन के माध्यम से राहत बचाव कार्य में चुस्ती लाने के आदेश भी दिये। क्षेत्र के आपदा पीड़ितों ने प्रभारी मंत्री का घेराव भी किया।

### जिले के बीजेपी पार्टी कार्यकर्ताओं की रिपोर्ट आई निगेटिव

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले में बीजेपी पार्टी के 36 क्वारंटीन किये गये कार्यकर्ताओं की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आई है। वही इस खबर से जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहत की सांस ली है। वही जिले के लोगों के लिए भी यह राहत की खबर है। वही कार्यकर्ता अभी भी संस्थगत क्वारंटीन में है।

### फर्जीवाड़ा कर करोड़ों का टेंडर हथियाने की जांच को मोर्चा ने शासन में दी दस्तक

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण शर्मा पिन्नी ने कहा कि वर्ष 2016 में डाकपत्थर, देहरादून के ठेकेदार पराग जैन द्वारा यूजेवीएनएल के अधिशासी अभियंता द्वारा 12 जून 2016 को जारी अनुभव प्रमाण पत्र को कूटरचित तरीके से यानी प्रमाण पत्र में छेड़छाड़ कर कार्य के नाम के कॉलम ब्रिपेयर ऑफ डैमेज्ड लाइनिंग (पेनल) की जगह सड़क निर्माण कार्यष् का अनुभव दर्शाकर उत्तराखंड ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण (यूआरआरडीए) में वर्ष 2016 में 4.11 करोड़ रुपए का ठेका हासिल कर लिया।

### ग्लेनमार्क ने फेवीपीरावीर के फेस 3 नैदानिक परीक्षण के परिणाम घोषित किए

**संवाददाता** देहरादून। ग्लेनमार्क फार्मासिटिकल लिमिटेड जो कि ग्लोबल रीसर्च–लीड फार्मासिटिकल कंपनी है– ने भारत में सात क्लिनिकल साइट्स पर, निम्न से मध्यम स्तर के कोविड–19 के मरीजों पर किए गए फेस 3 ट्रायल के टॉप–लाइन परिणामों की घोषणा की है। 150 मरीजों पर किए गए इस खुले–लेबल यादृच्छिकृत, बहुकेंद्रीय नैदानिक परीक्षण ने, निम्न से मध्यम स्तर के मरीजो में, जिन्हें कि कोविड–19 के लिए आरटी–पीसीआर पॉजीटिव के परीक्षण के 48 घंटे विंडों के अंतर्गत यादृच्छिकृत किया गया था, मानक सहायक देखभाल मात्र (नियंत्रण शाखा) बनाम मानक सहायक देखभाल (फेवीपीरावीर उपचार शाखा) की प्रभाविकता और सुरक्षा का मूल्यांकन किया है।

## उत्तरांचल पंजाबी महासभा ने किया पौधारोपण

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल पंजाबी महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार सूद महासभा के अध्यक्ष डॉ. बी. एस. सोडी , विजय बक्शी, प्रभारी नरेंद्र नेगी सभी के सहयोग से भानियावाला मे वृक्षारोपण स्कूल और कॉलेज के बच्चों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर उत्तरांचल पंजाबी महासभा के गढ़वाल प्रभारी जी एस आनंद ने कहा है कि हरेला पर्व मनाते हुए जिला युवा महामंत्री विष्णु आनंद और उनकी पूरी टीम के द्वारा भी देहरादून में अलग अलग स्थानों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है और उपमा सभी धन्यवाद करती है कि आज पूरा प्रदेश एकजुट होकर संगठन को मजबूत करते हुए कार्य कर रहा है। इस अवसर पर उत्तरांचल पंजाबी महासभा के गढ़वाल प्रभारी जी एस आनंद ने कहा है कि आज के परिवेश में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है और इसी के परिपेक्ष्य में उपमा लगातार वृक्षारोपण करने के कार्य में जुटा हुआ है।



# पिथौरागढ़ में मौसम का रौद्र रूप अब हुआ शांत

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। सीमांत तहसील मुंसयारी के बंगापानी के टांगा, गैला गांव में अब मौसम का रौर्द्र रूप शांत हो चुका है। बता दें कि मौसम के शांत होने के बाद भी अभी भी क्षेत्र में दहशत का माहौल बरकरार है। वही मौसम के शांत रहने से कुछ राहत मिली है। मगर क्षेत्र में जनजीवन अभी भी प्रभावित है। वही ग्प्रमीण आसमान में बादलों के डेरा डालने पर अपने घरों को जानें में भय महसूस कर रहे है।

जानकारी के मुताबिक 19 जुलाई की रात्रि को बादल फटने से सीमांत तहसील बंगापानी के टांगा गांव व गैला गांव में भारी

### रेस्क्यू अभी जारी, बाकी बचे दो लापता शवों की खोजबीन जारी

भूस्खलन के दौरान मलबे में दबे ग्यारह लोगों में से अब तक नौ लोगों के शवों की शिनाख्त की जा चुकी है। वही शेष बचे अभी भी दो लोगो की तलाश जारी है। टांगा में बीते मंगलवार से चला राहत बचाव कार्य शुक्रवार देर सांय तक जारी रहा।

जिलाधिकारी ड़ा विजय कुमार जोगदडे व पुलिस अधीशक प्रीति प्रियदर्शनी व धारचूला के विधायक हरीश धामी सहित एनडीआरएफ के 29 व आईटीबीपी के 19 व एसडीआरएफ के 10 पुलिस व राजस्व विभाग पेयजल विभाग खाध पूर्ति विभाग होम गार्ड पीआरडी व पुलिस संचार विभाग के 27 कर्मिकों सहित कुल 85 जवानों व कर्मिकों द्वारा अभी तक रेस्क्यू आपरेशन चलाया जा रहा है।

जिलाधिकारी डा विजय कुमार जोगदडे ने बताया कि दो लोग अभी भी मलबे में दबे हुए है। वही उनकी तलाश अभी जारी है। उन्होने बताया कि जब तक कि दोनों बचे हुए शवों की तलाश नही हो जाती है क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान जारी रहेगा। वही अब तक इस क्षेत्र में आवश्यक सामग्री की आपूर्ति की जा रही है। संबधित विभागों द्वारा राहत व बचाव और रिस्टोरेशन की कारवाई तेजी के साथ की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि शीघ्र क्षेत्र में सभी व्यवस्थाएं सुचारू हो जायेगी।

## आशा फेसिलिटेटर व कार्यकत्रियों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**संवाददाता** पुरोला। कोरोना संक्रमणकाल में नियमित कार्य के लिए राजकीय कर्मचारी घोषित करनें व कोरोना काल की प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की मांग को लेकर लगा रहे हैं गुहार। विकास खण्ड पुरोला के आशा फेसिलिटेटर संगठन ने शुक्रवार को तहसीलदार चंदन सिंह राणा के माध्यम से मुख्यमंत्री को 3 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि आशा फेसिलिटेटर,आशा संगठन लम्बे समय से सम्पूर्ण प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान दे रही हैं और समय समय पर संगठन राजकीय कर्मचारी घोषित कर नियत मानदेय की मांग करती आ रही हैं ।

सरकार लगातार हमारी उपेक्षा कर रही है कहा कि विगत दो दशकों से हम लोग स्वास्थ्य महत्वपूर्ण व आवश्यक सेवाओं में योगदान दे रही हैं किंतु सरकार केवल प्रोत्साहन राशि देकर हमारा मनोबल तोड़ने का काम कर रही है। ज्ञापन में कहा गया कि आशा फेसिलिटेटर को 24 हजार,आशा कार्यकत्रियों को 18 हजार रूपये नियत मानदेय मिलना चाहिए।